हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 24 दिसंबर 2023

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]


तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री


सिरगिट्टी रेल फाटक पर रेलवे ब्लाक लेकर रात भर चलता रहा सुधार का काम।


ATUL 25000/- ATUL
डाउन पेमेंट धमाका
लोकेश आटो
शानदार 20 वर्ष से भरोसेमंद

ऋषि गैस के सामने, इंडस्ट्रियल स्टेट, तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827155032, 9039140362, 9926806244

अतिशीघ्र आवश्यकता है
20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल:- संपूर्ण छत्तीसगढ़
भार्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023
पता:- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस:- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मोबाइल:-76972-12782


## खबर संक्षेप

### सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि आज

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी से संबद्ध सभी कालेजों, यूनिवर्सिटी शिक्षण विभाग के सत्र 2023-24 में अध्ययनरत विषम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों का विलंब शुल्क के साथ आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 24 दिसंबर तक है। यूनिवर्सिटी द्वारा आनलाइन सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने की तिथि 19 दिसंबर तक बढ़ाई गई थी। उक्त तिथि तक बिना विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भराया गया, उसके बाद 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ 24 दिसंबर तक अंतिम तिथि रखी गई है। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा फार्म की हार्डकापी, आनलाइन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित कालेजों में 25 दिसंबर तक जमा करना है।

### हाईकोर्ट की अनुशंसा पर कमर्शियल कोर्ट का गठन

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट की अनुशंसा पर विधि विधायी विभाग ने छत्तीसगढ़ में कमर्शियल कोर्ट का गठन किया है। इसके लिए अधिसूचना जारी कर अदालतों को सुनवाई का अधिकार दिया गया है। कमर्शियल कोर्ट में तीन से 10 लाख और 10 से 50 लाख रुपए तक के केस की सुनवाई होगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ को आठ जोन में बांटा दिया गया है। वहीं 50 लाख से अधिक के मामलों की सुनवाई का अधिकार रायपुर कोर्ट को दिया गया है, जहां प्रदेशभर के केस की सुनवाई होगी। विधि विधायी विभाग ने वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 की धारा तीन की उपधारा (1), (1-ए), (2) और (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (2016 का 4) और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देश पर वाणिज्यिक न्यायालयों का गठन किया है। जिला मुख्यालय में उपलब्ध वरिष्ठतम सिविल न्यायाधीश वर्ग-एक ऐसे मामलों की सुनवाई करेंगे।

### हाइवा की टक्कर से बेरियर क्षतिग्रस्त

**बिलासपुर।** हाइवा चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बंद बेरियर को क्षतिग्रस्त कर दिया। आरपीएफ के अनुसार शनिवार को हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 6644 से जयरामनगर समपार फाटक क्रमांक 360 के डाउन साइट बेरियर को क्षतिग्रस्त होने की सूचना आरपीएफ को मिली। सूचना पर आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक बीएस पटेल घटना स्थल पर पहुंचे। वाहन चालक दिलहरण सोनवानी ने बताया कि वह बोरसी गांव से रेत लोडकर सीपत जा रहा था। इस दौरान वाहन बेरियर से टकरा गया। आरपीएफ ने चालक के खिलाफ रेल अधिनियम के तहत मामला कायम कर ट्रक जब्त कर लिया है।

# हर महीने 3 करोड़ रुपए खर्च, फिर भी मीनू गायब, गर्म पानी में डूबे आलू के कुछ टुकड़े, दाल के नाम पर पीला पतला पानी ही मिल रहा

**मध्याह्न भोजन के नाम पर बच्चों के अधिकार पर ही कांटा मारा जा रहा, बच्चों की दर्ज संख्या के हिसाब से भोजन बन रहा है जबकि उपस्थिति आधी भी नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

जिले के स्कूलों में मध्याह्न भोजन के नाम पर बच्चों के अधिकार पर ही कांटा मारा जा रहा है। हर महीने 3 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीण स्कूलों से भोजन मीनू गायब है तो वहीं समूहों को ही नही पता कि कब क्या बनाना है। मिड-डे मील के नाम पर बच्चों को किसी स्कूल में गर्म पानी में डूबी आलू की सब्जियां और दाल के नाम पर पीला पतला गर्म पानी ही मिल रहा हैं। कई जगहों पर दाल में ही सब्जी के कुछ टुकड़े डाल दिए जा रहे हैं। सेंट्रल किचन का भी यही हाल है। हालांकि शहरी क्षेत्र के स्कूलों में भोजन सप्लाई होने से स्थिति कुछ ठीक है, लेकिन भोजन की गुणवत्ता पर सवाल तो है। दूसरी ओर बच्चों की दर्ज संख्या के हिसाब से भोजन बन रहा है जबकि उपस्थिति आधी भी नहीं हो रही है। जाहिर है दर्ज संख्या के आधार पर बिल बन रहा है। कागजों में लाखों खर्च बताकर खाद्यान्न और राशि की गड़बड़ी जारी है।

गौरतलब है कि जिले में 1162 प्राइमरी और 562 माध्यमिक स्कूल है। दोनों स्कूलों को मिलाकर कुल बच्चों की संख्या एक लाख 93 हजार 937 है। जिले में 1592 समूहों के माध्यम से स्कूलों में मध्यान्ह भोजन संचालित हो रहा है तो रसोईयों की संख्या 4395 है। हालांकि मध्याह्न भोजन के लिए स्कूलों को शासन से चार महीने से राशि जारी नहीं की गई है। इसके साथ ही रसोइयों को भी चार महीने का मानदेय नहीं मिला है, इस कारण अब पूरे प्रदेश में मध्याह्न भोजन की व्यवस्था लड़खड़ाने लगी है। हरिभूमि ने कुछ स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का जायजा लिया तो अधिकांश जगहों पर बच्चों की सेहत से खिलवाड़ ही पाया गया। शिक्षकों की कमी, जर्जर भवन परिसर में जल भराव के अलावा बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।


नयापारा ढेका प्राथमिक शाला में लाइन लगाकर मध्यान्ह भोजन लेते स्कूली बच्चे।


**ये दाल है**
पानी जैसी दिखने वाली ये दाल एक स्कूल के मध्यान्ह भोजन में परोसी गई।


सेंट्रल किचन लालखदान में गैस भट्ठी खराब होने पर लकड़ी से बच्चों के लिए बनाया जा रहा खाना।

### मीनू के अनुसार नहीं मिलता भोजन

स्कूलों में बच्चों को मीनू अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है। इसे देखने वाला भी कोई नहीं है। कई स्कूलों में बच्चों को भाजी की सब्जी खिलाई जा रही है तो बैगन और टमाटर की चटनी से ही काम चलाया गया, जबकि शासन की ओर से इन सब्जियों पर फिलहाल मनाही है। बता दें कि शासन की ओर से मध्याह्न भोजन चलाने वाले समूहों को मध्यान्ह भोजन के लिए प्राइमरी स्कूल में प्रति छात्र 5 रु. 68 पैसे और मिडिल में 8 रु. 17 पैसे के हिसाब से खाना बनाने के लिए राशि दी जाती है। इसके साथ ही रसोइयों को हर माह 2 हजार रु. दिए जाते हैं। समूहों द्वारा इस राशि को भी खर्च नहीं किया जा रहा है।

### यह है स्कूलों में भोजन की हालत

ढेका के नयापारा स्कूल में बच्चों को शनिवार को सिर्फ खीर खिलाई गई। दाल भात और सब्जी नहीं बनाई गई जबकि मीनू में दूध के साथ खीर पूरा भोजन और अंकुरित चना भी दिया जाना है। बिल्हा के शासकीय प्राथमिक शाला टेकर में स्थिति कुछ ठीक थी लेकिन मीनू का पालन तो बिलकुल नहीं था। यहां 90 बच्चों के लिए भोजन बनाने की बात समूह ने कही लेकिन उपस्थिति 68 बच्चों की ही रही। बिल्हा के भरारी प्राथमिक स्कूल में गर्म पानी में हल्दी जरूर डली थी लेकिन दाल के कुछ टुकड़े नजर आए।


ढेका पूर्व माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन के बाद थाली धोते बच्चे।

### शहर के 128 स्कूलों पर 16 लाख खर्च

ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा नगर निगम सीमा के प्राइमरी व मिडिल स्कूल के 15 हजार बच्चों को सेंट्रल किचन में तैयार किया गया गर्म भोजन देने का दावा है। 128 स्कूलों में यह भोजन सप्लाई होता है और उस पर हर महीना करीब 16 लाख रुपए खर्च होते हैं। सेंट्रल किचन प्रभारी शिव दयाल सिंह के मुताबिक 3 महीने से शिक्षा विभाग ने भुगतान नहीं किया है। इसके बाद भी कोशिश जारी है कि समय पर सही गुणवत्ता वाला भोजन मिल सके। हालांकि यह दावा स्कूलों तक पहुंचते ही ठंडा पड़ जाता है। दाल की हालत पतली है तो उसी में सब्जी डालकर परोसा जा रहा है। गर्म खाना कैसा होता होगा इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सुबह 4 बजे से भोजन बनना शुरू हो जाता है।

### उपस्थिति आधी, कागजों में भोजन लेकिन पूरा

सेंट्रल किचन के प्रभारी के मुताबिक यहां रोजाना बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर भोजन तैयार किया जाता और स्कूलों में भेजा जाता है। जाहिर है इसमें भी गड़बड़ी है। सरकारी स्कूलों की दर्ज संख्या आधी ही रहती है। स्कूलों के रजिस्टर भी इसकी गवाही देते हैं। मीनू के मुताबिक बच्चों को भोजन के साथ शनिवार को दूध के साथ खीर, वेज पुलाव, टमाटर चटनी दी जानी है तो मंगलवार को मीठा, गुरुवार व शुक्रवार को फलाहार दिया जाएगा, साथ ही पापड़, अचार भी देना होगा। प्राइमरी स्कूल के बच्चों 100 ग्राम चावल व माध्यमिक स्कूल के बच्चों को 150 ग्राम पका हुआ चावल, 50 ग्राम सब्जी और 20 ग्राम दाल देनी है। इनका पालन नहीं के बराबर हो रहा है।

**गुंडागर्दी**
शिव टाकीज चौक में हुई थी दो गुटों के बीच मारपीट

# वीडियो वायरल होने के बाद एक्टिव हुई पुलिस, 9 युवक पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिव टाकीज रोड पर युवकों के झुंड द्वारा एक अन्य युवक की पिटाई वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस एक्टिव हुई, वीडियो के आधारपर पुलिस ने 9 युवकों को पकड़ लिया, शहर में इनकी बारात निकालने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट के आदेश पर सभी को जेल भेज दिया गया है।

शुक्रवार को शिव टाकीज चौक के पास दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई, पुलिस को इसकी जानकारी ही नहीं मिली, इस मामले में किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। सोशल मीडिया में इस मामले का वीडियो वायरल होने के बाद शनिवार को एसपी संतोष कुमार सिंह ने सीएसपी पूजा कुमार, टीआई उत्तम साहू को घटनास्थल पर जाकर जानकारी लेने के बाद कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। अधिकारियों ने स्टाफ के साथ मौके पर जाकर मारपीट की जानकारी ली। पता चला 22 दसिंबर को दोपहर 3 बजे छोटे बच्चों के बीच हुए झगड़े के बाद समझाने गए अभय चौहान एवं उसके साथियों की साहिल खान एवं उसके साथियों व दूसरे गुट के युवकों ने शिव टाकीज चौक मुख्य मार्ग में पिटाई की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के 9 युवकों को पकड़ लिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 294, 506, 323, 34 पृथक से प्रतिबंधात्मक धारा 151, 107, 116, 3 के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### पकड़े गए आरोपी

- विवेक खटिक पिता संतोष खटिक 23 साल टिकरापारा खटिक मोहल्ला
- साहिल खान पिता सहीर खान 19 साल करबला चौक
- विशाल खटिक पिता बल्ला खटिक 21 साल टिकरापारा
- लक्की यादव पिता रामायण यादव 20 साल करबला कुम्हारपारा
- अमन उर्फ छोटूदास मानिकपुरी पिता परदेशी दास 20 साल शिव टाकीज चौक
- संजय दास पिता अमृत दास मानिकपुरी 22 साल कंट्रक्शन कालोनी
- मो. इमरान पिता मोइकबाल खान 22 साल गोविंदनगर सिरगिट्टी
- अंकुश यादव पिता सुरेश यादव 18 साल टिकरापारा
- अभय चौहान पिता रंजीत चौहान 19 साल रेलवे कालोनी दूर्गा पंडाल


मारपीट करने वाले आरोपियों को कोर्ट लेकर जाती पुलिस।

**कार्रवाई के बाद भी सुधर नहीं रही स्थिति :** पुलिस ने चुनाव के पूर्व लगातार विवाद में शामिल होने वाले बड़ी संख्या में बदमाशों को निगरानी शुदा बदमाशों को गुण्डा लिस्ट में शामिल किया था। दो बदमाशों के खिलाफ रासुका व 6 के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी। समय समय पर शहर के गुंडा बदमाशों को थाने में तलब कर विवाद नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। उसके बाद भी बदमाश मारपीट करने में नहीं चूक रहे हैं। ऐसे में थानेदारों की सक्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# पैदल घर लौट रहे व्यक्ति पर नकाबपोश ने चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पैदल घर जा रहे व्यक्ति को एक नकाबपोश ने रोककर पूछा कि क्या वह उसे जानता है, व्यक्ति के नहीं जानता कहने पर नकाबपोश व्यक्ति ने चाकू निकालकर उसके पैर हाथ, कमर, सीने में हमला कर दिया और भाग गया। गंभीर अवस्था में घायल व्यक्ति इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, समूल पटेल पिता छेदीलाल पटेल 45 साल नेचर सिटी के अंदर बाड़ी में परिवार के साथ रहकर सब्जी की खेती करता है। 21 दिसंबर की शाम 6 बजे बाड़ी में काम करने के बाद वह उसलापुर शराब दुकान गया था। शराब पीकर वह पैदल घर जा रहा था। अटल आवास तिराहा मेन रोड के पास एक नकाबपोश व्यक्ति ने उसे रोका और पूछने लगा तुम मेरा नाम जानते हो। उसने कहा कि वह उसे नहीं जानता, इतने पर नकाबपोश गाली गलौज करते हुए कालर से चाकू निकालकर जान से मारने की धमकी देते हुए बांए पैर के घुटने, दाहिने हाथ की उंगली, कमर व सीने पर हमला कर दिया और भाग गया। समूल पटेल एक बाइक सवार को रोककर गाड़ी में बैठकर नेचर सिटी गेट के पास आया। उसके बाद पैदल घर जाकर पत्नी को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। अस्पताल से मेमो मिलने पर पुलिस ने पीड़ित का बयान लेने के बाद अज्ञात के खिलाफ धारा 324, 294, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### किसी को नहीं लगी भनक

21 दिसंबर को सरेराह चौक में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया जाता है और किसी को इसकी जानकारी नहीं हुई। दूसरे दिन अस्पताल से मेमो मिलने पर पुलिस को चाकूबाजी की जानकारी हुई। जबकि घटना स्थल पर अटल आवास में रहने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। आवास में रहने वाले नशेड़ी बदमाश आए दिन लोगों से विवाद करते रहते हैं।

**अवैध ढाबों पर हाईकोर्ट गंभीर, हो रही दुर्घटनाएं, हटाने के निर्देश**

# बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाइवे पर लगातार हो रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाइवे पर लगातार हो रहे अतिक्रमण और अवैध ढाबों पर हाईकोर्ट ने गंभीरता जताई है। कोर्ट ने इन ढाबों को हटाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने ने इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की बात कहते हुए कहा है कि आखिर हर मामले को कोर्ट ही कब तक देखेगा। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी ने मामले में राज्य सरकार को शपथपत्र पूर्वक जवाब देने कहा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि अधिकारी नेशनल हाइवे का निरीक्षण करें और जो भी अनैतिक काम हो रहे हैं उस पर रोक लगाना सुनिश्चित करें। कोर्ट ने कहा है कि ढाबों के कारण बड़ी-बड़ी गाड़ियां सड़क के किनारे खड़ीं होती हैं। इससे दुर्घटना की आशंका होती है। चीफ जस्टिस ने इस नेशनल हाइवे पर लाइट की कमी और रौशनी को लेकर भी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि रात में किसी की गाड़ी खराब हो जाए तो उसके लिए मुश्किल हो जाएगी। डर के मारे वह गाड़ी रोकने में घबराएगा। बिना सांस लिए वह तेजी से वाहन चलागा। चीफ जस्टिस ने कहा कि रायपुर से बिलासपुर पहुंचने के दौरान उन्होंने स्वंय इस परेशानी को महसूस किया है। नेशनल हाइवे की मुख्य सड़क पर जानवर बैठे रहते हैं इससे दुर्घटना होती है।

गौरतलब है कि नेशनल और स्टेट हाईवे पर लगातार ढाबे बढ़ रहे हैं। इन ढाबों के लिए ना तो सीएलयू (चेंज ऑफ लैंड यूज) कराया गया है और ही स्वास्थ्य विभाग से फूड सेफ्टी लाइसेंस लिया गया है। जगह-जगह बने इन ढाबों की वजह से अकसर हादसे हो रहे हैं। शनिवार को मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा है कि प्रशासनिक अनदेखी के चलते इन हादसों की जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही। अवैध ढाबों पर कार्रवाई के हाईकोर्ट के आदेश भी पहले हो चुके हैं।



- अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की बात कहते हुए कोर्ट ने शपथपत्र पूर्वक जवाब देने कहा
- नेशनल हाइवे पर लाइट की कमी और रौशनी को लेकर भी टिप्पणी की, निरीक्षण करने कहा

### सड़क सुरक्षा से हमेशा खिलवाड़

नेशनल हाईवे के दोनों ओर 40 मीटर की सीमा में कोई होटल-ढाबा का निर्माण नहीं हो सकता। इसके लिए सीएलयू लेना होता है लेकिन अधिकांश जगहों पर किसी नियम का पालन नहीं होता है। एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे बने ढाबे और विज्ञापन होर्डिंग जैसे अवैध ढांचों को सड़क सुरक्षा के लिए खतरनाक बताते हुए इन्हें बंद करने के लिए कहा है। इनकी वजह से राजमार्गों पर जाम लगता है क्योंकि इनके आसपास लोग अवैध तौर पर वाहनों की पार्किंग करते हैं।

### हाईवे पर जगह-जगह गोवंश के झुंड

बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाइवे पर नजर डाली जाए तो ग्राहकों को लुभाने रोड किनारे ढाबों संचालको ने बाग बगीचे लगाकर अतिक्रमण कर लिया है। प्रशासन इनके विरुद्ध आज तक कोई कार्रवाई नहीं की है। हाइवे पर ऐसे अतिक्रमणों से वाहन चालक परेशान रहते हैं और दुर्घटना का भय बना रहता है। इसके साथ ही नेशनल हाइवे पर इन दिनों आवारा पशुओं का जमावड़ा दुर्घटनाओं का सबब बनता जा रहा है। अधिकतर गोवंश बीच हाइवे पर बैठा रहता है।

**विशेष न्यायालय ने पहले ही खारिज कर दिया आवेदन**

# पूर्व उप संचालक शिक्षा हीराधर ने हाईकोर्ट से जमानत याचिका ली वापस

सेवानिवृत जिला शिक्षाधिकारी व उप संचालक आरएन हीराधर ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में दायर जमानत याचिका को वापस ले लिया है। विशेष न्यायालय ने पहले ही उनकी जमानत आवेदन को खारिज कर दिया है। ज्ञात हो कि एंटी करप्शन ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में विशेष न्यायालय में पूर्व डीईओ के खिलाफ आरोप पत्र पेश कर दिया है।
बिलासपुर, कोरबा सहित विभिन्न जिलों में जिला शिक्षाधिकार के पद पर रहे हीराधर के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो में अपने पद व प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए अनुपातहीन संपत्ति हासिल करने का आरोप लगाया था। आरोप की पुष्टि होने और सेवाकाल के दौरान आय से अधिक एक करोड़ 72 लाख रुपए की चल-अचल संपत्ति का हिसाब-किताब नहीं देने और जांच में सहयोग नहीं करने के कारण विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कोर्ट ने पूर्व संयुक्त संचालक, शिक्षा आरएन हीराधर की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। बिलासपुर के पूर्व जिला शिक्षाधिकारी और संयुक्त संचालक के पद से रिटायर हुए हीराधर के खिलाफ वर्ष 2020 में आय से अधिक संपत्ति की शिकायत की गई थी। शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने प्रारंभिक जांच की तो आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत सही पाई गई। इसके बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1) और 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। जांच पूरी होने के बाद एसीबी की विशेष अदालत में चालान प्रस्तुत किया गया था।


बड़े भाई
निक्कू भण्डारी जी
को जन्मदिन की अशेष शुभकामनाएं...
BALAJI

## खबर संक्षेप

### मकान से जेवरात और नकद पार

**तखतपुर।** आजाद नगर वार्ड 4 में अज्ञात चोर ने घर में घुसकर चोरी कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार आजादपारा निवासी राकेश लहरे पिता राजकुमार लहरे उम्र 26 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 22 दिसम्बर की रात को वह अपने घर में सोया हुआ था। 23 दिसम्बर को सुबह उठकर जब कमरे में वापस आया तो आलमारी का ताला टूटा हुआ हुआ था। आलमारी में रखे सोने चांदी सहित 5 हजार रूपए नगर अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले को विवेचना में ले लिया।

### चोरी के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बोदरी।** पुलिस ने चोरी के दो फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चोरी की संपत्ति, नगद रकम जब्त कर रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी पेंण्ड्रीडीह निवासी दिलीप कुमार पाल पिता अर्जुन पाल उम्र 31 साल शिकायत की थी कि 30 अक्टूबर की देर रात दरवाजा खोलकर घर में बंधे 3 नग भेडा एवं 12 नग भेडी को कोई अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। शिकायत पर अपराध पंजीबंद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चिल्हाटी के मटन दुकान वाले भेड़ चोरी कर लाए थे। सूचना पर से पूर्व में साबीर खान चिल्हाटी मोपका एवं मनीष पटेल तालापारा को पकड़कर पूछताछ की गई। दोनों ने 30 अक्टूबर को अपने अन्य साथियो के साथ मनीष पटेल के कार कमांक सीजी 10 एन 7266 पर ग्राम पेंड्रीडीह से भेड भेडी चोरी कर ले जाकर मटन बेचने वालो के पास बिक्री करना बताया गया। मटन बेचने वाले आरोपी वाहिद खान पिता हमीद खान उम्र 36 साल एवं रईस खान पिता हमीद खान उम्र 24 साल साकिनान चिल्हाटी थाना सरकण्डा के संयुक्त कब्जे से भेड भेडी बिक्री कर बटवारे में से कुछ पैसे खा पीकर खर्च करने पश्चात बची हुई राशि 3000 रुपए तथा एक लोहे की कत्ता घटना में प्रयुक्त को जबत किया गया। पूर्व में 4 आरोपियो को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया था। अन्य फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। शनिवार को मुखबिर सूचना पर फरार आरोपी वाहिद खान पिता हमीद खान उम्र 36 साल एवं रईस खान पिता हमीद खान उम्र 24 साल साकिन चिल्हाटी थाना सरकण्डा को गिरप्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### योजनाओं पर काम कर रही केन्द्र सरकार:दिनेश



**तखतपुर।** क्षेत्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य दिनेश राजपूत शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के संबंध में आम जनों से चर्चा की। इन दोनों विकासखंड का विभिन्न ग्रामों में अलग-अलग तिथियां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को भकुर्रानवापारा , राजपुर, केकती और समदिल मैं शिविर का आयोजन हुआ जहां पर राम जनों से संबोधित करते हुए दिनेश राजपूत ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे प्रभावशाली व्यक्ति माने जाते हैं और वह केवल कहते नहीं है बल्कि उस काम को करके अंजाम तक पहुंचाते हैं।

## निधन

### प्यारे लाल साहू



**बिलासपुर।** मिलन चौक कुदुदंड निवासी प्यारेलाल साहू पिता स्व. रामचरन साहू का 72 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 दिसंबर को सुबह 10 बजे गृह निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बृजनंदन, योग आनंद साहू के पिता व रमाशंकर, सोमनाथ, प्रेमनाथ साहू के ज्येष्ठ भ्राता थे।

## बजट नहीं होने की वजह से बिलासपुर में हजारों मकान तीन साल से अधूरे पड़े

### तीन किश्तों में मिलेगी ढाई लाख रुपए की सब्सिडी

# जिले के 80 हजार लोगों को होगा पीएम आवास का फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में 80 हजार के करीब लोगों को पीएम आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि छग में कुल 18 लाख पीएम आवास बनाने की योजना भाजपा सरकार ने बनाई है। ज्ञात हो कि प्रदेश में नई सरकार बनते ही सबसे पहले कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में पीएम आवास को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। दरअसल, साल 2019 के बाद से ही जिले ही नहीं संभाग में हजारों पीएम आवास अधूरे पड़े हुए हैं, जिसके चलते हितग्राहियों को खुली छत के नीचे या फिर झोपड़ियों में रहना पड़ रहा है।

- योजना योजना को शहरी और ग्रामीण दो भागों में बांटा गया, बीपीएल वालों को लाभ

दरअसल, बजट नहीं होने की वजह से बिलासपुर में हजारों मकान अधूरे पड़े हैं या फिर काम ही शुरू नहीं हो सका है। इसके चलते हितग्राहियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला पंचायत से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में 47 हजार से अधिक मकान अधूरे पड़े हैं इसके लिए 33 हजार नए मकान बनाए जाएंगे। हालांकि शासन से निर्देश मिलने के बाद अब अधिकारी जल्द ही इन मकानों को पूरा करने की बात कह रहे हैं। गौरतलब है कि केन्द्र की प्रधानमंत्री आवास योजना को आरंभ करने का मकसद था कि देश के हर गरीब को अपना मकान बनाने के लिए सरकार की तरफ आर्थिक मदद की जाए। इस आर्थिक मदद में सब्सिडी की राशि दी जाति है और लाभार्थी को बहुत कम ब्याज दरों पर 20 साल के लिए लोन दिया जाता है।



### ढाई लाख रुपए तक मिलेगी सब्सिडी

अधिकारियों के अनुसार इस योजना योजना को शहरी और ग्रामीण दो भागों में बांटा गया है। तीन लाख रुपए से कम सालाना आमदनी वाले प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से घर खरीदने के लिए लोन लिया जाता है। जिस पर व्यक्ति की आय और कैटेगरी के आधार पर सरकार सब्सिडी भी देती है। इसमें तीन किस्तों में पैसा दिया जाता है। सरकार की ओर से 2.5 लाख रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। ताकि घर बनाने या खरीदने के लिए किसी गरीब परिवार पर आर्थिक बोझ न आए। योजना के अंतर्गत मिलने वाली पहली किस्त 50 हजार रुपए की, दूसरी किस्त 1.5 लाख रुपए की और अंतिम यानी तीसरी किस्त 50 हजार रुपए की होती है। योजना में पात्रता के लिए भारत में कहीं भी कोई पक्का घर नहीं होना चाहिए। घर खरीदने के लिए पहले से कोई भी सरकारी अनुदान नहीं लिया हो। उम्मीदवार का निम्न आय वर्ग (एलआईजी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) या फिर मध्यम आय वर्ग (एमआईजी 1 या 2) कैटेगरी में आना जरुरी है।

### चार साल तक नहीं आई राशि

जिला पंचायत के सीईओ अजय अग्रवाल के अनुसार जिले के हर पंचायत को बचे हुए आवास को मार्च 2024 तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सीईओ ने जनपद पंचायत के अधिकारियों से कहा है कि इस काम में अब किसी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन हितग्राहियों के आवास पूरे नहीं हुए हैं, उनको जल्द से जल्द पूरा किया जाए। गौरतलब है कि साल 2019 से साल 2022 तक इस योजना के लिए आबंटन ही नहीं आया था। इसलिए यह सभी मकाने अधूरे थे, लेकिन 2023 में अब इस योजना के तहत राशि आने लगी है और अधूरे मकान को पूरा करने का सभी पंचायत में टारगेट दिया गया है।

### मकान पूरा होने की उम्मीद में बैठे हैं लोग

गौरतलब है कि पीएम आवास योजना 2016 में शुरू की गई थी। आवेदन करते और हितग्राहियों का नंबर आते साल बीत गए। उसके बाद पहली किस्त की राशि मिलने पर मकान शुरू तो हुए लेकिन पिछले 3 साल से उनके मकान पूरी तरह से अधूरे पड़े हुए हैं। कई जगहों में हितग्राही इन अधूरे मकान में तालपतरी लगाकर रहने को मजबूर हो रहे हैं। हितग्राहियों का कहना है कि जिस तरह बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में अधूरे प्रधानमंत्री आवास को पूरा करने का वादा किया है, ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि उनके मकान पूरे हो सकेंगे।

### सभी को मिलेगा योजना का लाभ

जिले में 80 हजार के करीब लोगों को पीएम आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिलेगा। हर पंचायत को बचे हुए आवास को मार्च 2024 तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस काम में अब किसी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**- अजय अग्रवाल,** सीईओ, जिला पंचायत

## 10 हजार से अधिक व्यापारियों ने नहीं जमा किया रिटर्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




### नोटिस जारी लग सकती है पेनाल्टी

- करदाताओं को 31 दिसंबर से पहले जीएसटीआर- 9 और जीएसटीआर 9 सी फार्म भरने होंगे

सालाना दो करोड़ रुपए और पांच करोड़ रुपए से ज्यादा टर्नओवर वाले कारोबारियों को जीएसटीआर- 9 और जीएसटीआर 9 सी फार्म भरने के लिए कुछ ही दिन शेष बचे हैं। आयकर विभाग के अनुसार जीएसटी करदाताओं को 31 दिसंबर 2023 से पहले ये दोनों फार्म भरने होंगे। ऐसा नहीं करने पर प्रतिदिन के हिसाब से 200 रुपए फाइन के साथ ही मोटा जुर्माना लग सकता है। व्यापारियों को इसके लिए नोटिस भी जारी किया गया है। अधिकारी के अनुसार बिलासपुर में ही 10 हजार से अधिक व्यापारी ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक रिटर्न जमा नहीं किया है।

गौरतलब है कि जीएसटीआर 9 एक आडिट फार्म है, जिसे दो करोड़ रुपए से ज्यादा के टर्नओवर वाले कारोबारियों को भरना होता है। इसी तरह पांच करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार करने वाले व्यवसायियों के लिए जीएसटीआर 9सी फार्म भरना होता है। इसमें बिजनेस मैन का सालाना आडिट ग्रास और टैक्सेबल टर्नओवर होता है। जीएसटीआर 9 सी को दो भाग ए और बी में बांटा गया है। भाग ए में कर के बारे में सारी जानकारी होती है और भाग बी में सत्यापन किया जाता है। यदि करदाता इन फार्म को फाइल नहीं करता है तो देरी के प्रत्येक दिन के लिए 200 रुपए का शुल्क लगाने का प्रावधान है। इसमें सेंट्रल जीएसटी के तहत 100 रुपए और स्टेट जीएसटी के तहत 100 रुपए फाइन लगते हैं। हालांकि जीएसटीआर 9 सी देर से दाखिल करने के लिए कोई विशिष्ट जुर्माना नहीं है, लेकिन यदि करदाता समय पर जीएसटीआर नौ फाइल कर देता है और जीएसटीआर नौ सी फाइल करने में देरी करता है तो उस पर 5 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार करदाता दोनों फार्म जीएसटी पोर्टल पर जाकर भर सकते हैं।

## शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के गौरव



**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव कोटा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे ग्राम कलर तराई में आ यो जि त छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिए मुख्य अतिथि के रूप में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव का कलर तलाई ग्राम के नागरिकों सरपंच पंच एवं बिजवाड़ समाज के पदाधिकारी ने जोरदार स्वागत किया। प्रमुख रूप से कार्यक्रम के आयोजन में सुखराम बिजवाड़ सरपंच प्रतिनिधि, अशोक पाल के समाज के अध्यक्ष, रामफल बिजवा जनपद सभापति, श्रीमती अश्वनी टोडर प्रमुख, ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, दीपक रजक, सुभाष अग्रवाल, कुलवंत सिंह, फूलचंद अग्रहरि, दिलीप श्रीवास, आनंद मिश्रा, संतोष मिश्रा, बसंत यादव, लच्छू महाराज, राजेश टंडन, प्रशांत अग्रहरि, अभय नारायण राय, निलेश मैडेवार उपस्थित थे। कलर तराई के कार्यक्रम के बाद श्री श्रीवास्तव ग्राम तेंदुआ पहुंचे, जहां ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, फागुराम पटले, कोमल बंजारे, अजय खंडे, कुंवर सिंह बंजारे, जनपद सदस्य अली बाबा कश्यप, अगहन दास पात्रे, अभयनारायण सहित अन्य उपस्थित थे।

## शिविर में योजनाओं की मिल रही जानकारी



**बिलासपुर।** केंद्रीय योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ और छूटें हुए हितग्राहियों को योजनाओ से जोड़ने शुरु किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा से आम नागरिकों को काफी फायदा मिल रहा है। यात्रा के तहत लगाए जा रहे शिविर में दिन प्रतिदिन लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। पांचवे दिन शनिवार को विकासखंड कोटा में ग्राम बरद्वार मे संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जनप्रतिनिधि प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, मोहित जायसवाल, कोटा एसडीएम अमित सिन्हा, कोटा ब्लॉक सीईओ युवराज सिन्हा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से नागरिक जिन्हें अब तक केंद्रीय योजनाओं का लाभ नहीं मिला हैं, वे इन योजनाओं के लिए आवेदन दे रहे हैं। इस शिविर के जरिए लोगों को शासकीय योजनाओं की भी जानकारी मिल रही है। इसमें आवास योजना के, उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित हुए। इसी तरह अन्य योजनाओं की जानकारी लेने एवं लाभार्थी बनने लोग विभिन्न स्टालों में पहुंचे।

## पीएम के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति का संवर रहा जीवन



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और सुशासन की बदौलत केंद्रीय योजनाओं का लाभ देश के कोने-कोने तक पहुंच रही है। कल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक का जीवन संवर रहा है। उक्त बाते विकसित भारत संकल्प यात्रा के बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने नागरिकों और हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा। शनिवार को आठवें दिन नगर निगम सीमा क्षेत्र में दो शिविरों का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे प्राथमिक शाला बिरकोना और दोपहर 1.30 बजे से कोनी में केंद्रीय विश्वविद्यालय के पास मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें 6855 लोग शामिल हुए। बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने कहा की मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के हर शहर हर गांव तक पहुंच रही है। आवासहीनों को घर,नागरिकों को मुफ्त में इलाज, महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन, कोरोना काल में नुकसान उठाने वाले छोटे व्यापारियों को पीएम स्वनिधि के ज़रिए ऊपर उठाने का काम, किसानों को सम्मान निधि, फसल बीमा, देश में स्वच्छता का दीप अगर किसी ने जलाया तो वह मोदी की सरकार ने है।

## गर्ल्स स्कूल में मना वीर बालदिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

महिला बाल विकास विभाग की ओर से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में वीर बालदिवस और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि वीर बाल दिवस मनाया जाने का प्रमुख उद्देश्य साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह की शहादत को याद करना एवं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना है तथा उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में वीरता से सम्बंधित गीत, कविता और गायन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। महिला बाल विकास विभाग की ओर से माधवी चंद्रा ने कहा कि हमारा जीवन तभी सार्थक है, जब हम अपनी क्षमता और सामर्थ्य को लोगों की भलाई के लिए लगाएं। प्रतियोगिता में गायन में प्रथम राजेश्वरी, द्वितीय कमलेश्वरी, तृतीय जुली, गीत में प्रथम अंजली, द्वितीय अनीता एवं तृतीय आरती रही। संचालन रश्मि मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन एस के पांडेय ने किया। इस अवसर पर अलका बघेल, सरिता ठाकुर, शीतल अवस्थी, सुनीता कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।




### इंफेंट स्कूल में कार्यक्रम

भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हुए इसे राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। इस अवसर पर इंफैन्ट हैवेन वर्ल्ड स्कूल में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। संस्था संचालक दिलीप तोलानी ने बताया कि बाल दिवस के माध्यम से छात्रों को गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की वीरता और बलिदान की जानकारी दी गई। विशेष आमंत्रित ख़ुश्मित सिंह बग्गा ने बताया कि 9 जनवरी 2022 को सिख समुदाय के गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी, कि 26 दिसंबर को दसवें सिख गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

## समय व शिक्षा के महत्व से बच्चों को संस्कारवान बनाएं: लहरिया



**सीपत।** वीरानी पब्लिक हाईस्कूल में शनिवार को रंगारंग वार्षिकोसत्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, केश शिल्प बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष चित्रकान्त श्रीवास, जनपद सदस्य प्रमिलदास मानिकपुरी, प्रमोद जायसवाल, टिंकू धृतलहरे शामिल हुए। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि बच्चों का सबसे बड़ा धन समय हैं। उसकी कीमत को समझकर जीवन का निर्धारण करें। शिक्षा के महत्व को बताते हुए उन्हें संस्कारवान बनाए। ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष व सीपत सरपंच राजेंद्र धीवर ने कहा कि बच्चों की शिक्षा दीक्षा व चरित्र निर्माण के उद्देश्यों की जिम्मेदारी शिक्षको व माता पिता की होती है। पालक की पैनी नजर के बिना बच्चा मुकाम तक नहीं पहुंच सकता। केवल एजुकेशन से बच्चे के भविष्य की उम्मीद नहीं की जा सकती, बल्कि संस्कार सीखाना जरूरी है। इंटक अध्यक्ष एनटीपीसी के सलीम वीरानी ने कहा कि वीरानी स्कूल शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास की पाठशाला है। शाला की प्राचार्या तारागिरी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संस्था के लिए विधायक लहरिया ने विधायक निधि से 3 लाख व जनपद सदस्य प्रमिलदास मानिकपुरी ने जनपद निधि से 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप पांडेय, रिया ठाकुर व आभार प्रदर्शन नसीम वीरानी ने किया। विभिन्न वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सभी शाला स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

## ई-टिकिट की दलाली करते पकड़ा गया दलाल



**बिलासपुर।** आईआरसीटीसी की फर्जी वेबसाइट बनाकर अवैध ई-टिकिट की दलाली करने वाले आरोपी को मुखबिर की सूचना पर आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से अवैध टिकिट जब्त कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। ट्रेनों के रद्द और लेटलतीफी की वजह से परेशान यात्री दूसरी ट्रेनों में मजबूरीवश सफर कर रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों को आरामदायक स्लीपर और एसी कोच में सफर करने के लिए आरक्षण कार्यालय में बुकिंग के साथ घर बैठे आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए रिजर्वेशन की सुविधा दी है। वहीं कई दुकानदार आईआरसीटीसी का लायसेंस लेकर ई-टिकिट की बिक्री भी कर रहे हैं, जिसके कारण आरक्षण कार्यालय में यात्रियों को तत्काल टिकिट में भी मश्किल से कंफर्म बर्थ मिल पाती है। शनिवार को आरपीएफ की उपनिरीक्षक मनीषा कुमारी मीना ने मुखबिर की सूचना पर देवरीखुर्द स्थित श्री सांई कम्प्यूटर एवं सर्विसेस की दुकान में छापामार कार्रवाई की। दुकान संचालक दोमुहानी निवासी दीपक कुमार कुर्रे पिता अमरनाथ कुर्रे 38 साल फर्जी आईडी बनाकर रेलवे टिकिट बेचकर यात्रियों से अतिरिक्त राशि लेकर रेलवे को नुकसान पहुंचा रहा था। आरपीएफ ने दुकान से 5 पुरानी और 5 भविष्य की टिकिट जब्त की। किसी तरह का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आरपीएफ ने ई-टिकिट सहित अन्य सामान को जब्त कर धारा 143 के तहत कार्रवाई की है।

### स्व.खुराना की स्मृति में कंबल वितरण आज

**तखतपुर।** स्व मंगल सिंह खुराना की स्मृति में कंबल वितरण 24 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे अग्रेसन भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह शामिल होंगे। यह जानकारी गुलजीत सिंह खुराना ने दी।

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ/27/2023-24
पक्षकार इंदा बाई आवेदिका
**बनाम**
जितेन्द्र श्रीवास + 6 अन्य अनावेदक
----000----

एतद् द्वारा सर्व साधारण का सूचितकिया जाता है कि आवेदिका इंदा बाई पिता जगन्नाथ निवासी ग्राम रंहगी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) प.ह.न.-10 रा.नि.मण्डल-बोदरी तहसील बोदरी स्थित खसरा नंबर 778/2, 855/1,1205/5 रकबा 0.24, 0.054, 0.05 एकड़ भूमि को व्यवहार न्यायालय के निर्णय बिक्री के आधार पर खाता विभाजन दर्ज कराने हेतु (छ.ग.) भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 15.01.2024 को न्यायालयीन समय में स्वत:/ अधिवक्ता उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम के आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।
आज दिनांक 15/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलादार**
**बोदरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क.202312076000027/अ-6/2023-24 पक्षकार बिरमबाई खुटियारे पति स्व. बुद्धेश्वर प्रसाद व 05 अन्य, निवासी- शांति नगर अमेरी, तहसील सकरी जिला- बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम अमेरी स्थित भूमि खसरा नं. 402/5 में से रकबा 2400 वर्गफीट भूमि बुद्धेश्वर प्रसाद पिता-स्व. छोटूराम के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार बुद्धेश्वर की मृत्यु 17.07.2023 को हो जाने के कारण वाद भूमि में से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके समस्त विधिक वारिसानों के नाम फौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र ऑनलाईन भुईयां में पेश किया गया है तथा साक्ष्य हेतु न्यायालय में लिया गया हैं। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा /आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 08.01.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**अति. तहसीलदार**
**सकरी**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सामान्य आवास योजना अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित EWS Flat भवनो में से भवन क्रमांक Block No. 34, Flat No. 402, F/F, मूल आबंटी श्रीमती मेहरून निशा पति स्व.श्री अब्बास अहमद को आबंटित है। जिसका विक्रय पत्रक निष्पादन दिनांक 26.05.2016 को हो चुकी है। मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 08.04.2021 को हो गई है। उनकी मृत्यु पश्चात परिवार की सहमति एवं नामजादगी आधार पर उनकी पुत्री सुश्री निम्मी अख्तर पिता स्व.श्री अब्बास अहमद द्वारा अपने नाम पर भवन नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 मुंगेली छ.ग.**

श्रीमती बदन बाई.......................... वादिनी
बनाम
राजकुमार साहू वगैरह................प्रतिवादीगण
व्यव प्रकरण क्रं. 38 ए / 2023
पेशी तारीख 06.01.2024
प्रो. क्र. 925/23

प्रति,
राजकुमार साहू पिता दरस साहू उम्र 42 वर्ष निवासी बरदुली पो.आ. अमोरा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

विषयांतर्गत इस न्यायालय में लंबित व्यवहार प्रकरण क्रमांक क्रं. 38ए / 2023 मामले के वादिनी ने बरदुली प.ह.न. 15 तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंम्बर 10 रकबा 343 एकड के संबंध में प्रतिवादीगण के विरूद्ध व्यवहार वाद पेश किया गया है जिसमें आप की उपस्थिति हेतु इस न्यायालय में दिनांक 06.01.2024 को 11:00 बजे दिन में वाद या उत्तर देने के लिए नोटिस ईश्तहार किया जा रहा है आप न्यायालय में स्वंय या अन्य किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें न्यायालय में उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस दावा के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है इसलिए आप को इस दिन अपने सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है ।

आप को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताये तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा यदि किसी कारण वश सुनिवाई तारीख को अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस को सुनवाई की जावेगी ।

आज दिनांक 13/12/202 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की लगाकर जारी किया गया है ।

**(कु. श्वेता ठाकुर)**
**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश**
**वर्ग 2 मुंगेली छ.ग.**

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसिन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएमडी प्लाजा, मंगला चौक, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नसों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।


मेरे नेता, मेरे मार्गदर्शक
भैया अमर अग्रवाल जी
को बिलासपुर विधान सभा
से प्रचंड मतों से विजयी
होने की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं ...
देवेश सोनी
अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर
पिछड़ा वर्ग मोर्चा मध्य मंडल
विनीत : भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर

खबर संक्षेप

## सशस्त्र बल भर्ती के लिए आनलाइन आवेदन 1 से

**बिलासपुर।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा "छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल" के आरक्षक (बैण्ड), आरक्षक (श्वान दल) सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग), प्रधान आरक्षक (नर्सिंग), मेल नर्स, फिमेल नर्स, लैब टेक्निशियन, फार्मासिष्ट, नर्सिंग असिस्टेंट, कम्पाउण्डर, ड्रेसर, सीधी भर्ती प्रक्रिया वर्ष-2023 अन्तर्गत 133 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 6 अक्टूबर को विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन में छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों के इच्छुक उम्मीदवारों से 20 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन-पत्र लेना निर्धारित था। अपरिहार्य कारणों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित की गई थी। पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा "छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल" के उपरोक्त सीधी भर्ती प्रक्रिया वर्ष-2023 अन्तर्गत, 133 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 6 अक्टूबर को जारी विज्ञापन के तारतम्य में छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरने की नवीन तिथि न प्रारंभिक तिथि 1 जनवरी को सुबह 10 बजे से ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि 15 फरवरी रात्रि 11.59 तक है।

### अटल बिहारी बाजपेई यूनिवर्सिटी में त्रि-दिवसीय कुल उत्सव का शुभारंभ

# यूनिवर्सिटी का स्वरूप छोटा परंतु हमारा उद्देश्य और लक्ष्य बड़ाः कुलपति वाजपेई

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में शनिवार को त्रि-दिवसीय कुल उत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्याभारती नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी रामकृष्ण राव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में तकनीकी यूनिवर्सिटी के कुलपति एमके वर्मा, महात्मा गांधी वानिकी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. कुरील उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने की। कुल उत्सव शुभारंभ अवसर पर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें 85 छात्रों ने रक्तदान किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. एचएस होता ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर त्रिदिवसीय कुल उत्सव का आयोजन विकसित भारत की थीम पर किया जा रहा है। अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने यूनिवर्सिटी के प्रगति के संबंध में प्रतिवेदन का वाचन करते हुए कहा कि यद्यपि यूनिवर्सिटी का स्वरूप छोटा है परंतु हमारा उद्देश्य और लक्ष्य बड़ा है, जिसे हासिल करने यूनिवर्सिटी निरंतर प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्याभारती नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी रामकृष्ण राव ने कहा कि यहां के शैक्षणिक वातावरण यहां के कुलपति हाथों पल्लवित एवं पुष्पित हो रहा है।

- 9 लाख रूपए की वसूली कर लौटी टीम



### शिक्षा हब बनाने करेंगे हर संभव प्रयासः अमर

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर को एक शिक्षा के हब के रूप में विकसित करने के लिए वे यथासंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अविलंब छत्तीसगढ़ में लागू किए जाने के लिए सार्थक प्रयास किए जाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान सहित सभी शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जुआ खेलने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, बलवा का जुर्म

**बिलासपुर।** जुआ खेलने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बलवा का जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोटा पुलिस के अनुसार, डाकबंगला निवासी रजिया बेगम 21 दिसंबर की रात 9 बजे खाना बना रही थी। रास्ते में मोहल्ले के लोग जुआ खेलते हुए गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने जुआरियों को गाली देने से मना किया। जुआरी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, जिससे वे बेहोश हो गईं। होश आने पर वे अस्पताल में थीं। इलाज के कराने के बाद वे घर लौट गईं। 22 दिसंबर को शाम 6 बजे वे अपने पति के साथ बस्ती गई थीं। रात 8 बजे घर लौटे तो उनकी बेटी नरगिस व नादिरा रो रहे थे। उनकी बेटी नरगिस ने बताया कि कल की लड़ाई को लेकर मारपीट की गई है। वह शिकायत करने गई तो लक्ष्मीन साकेत, विजय साकेत, नेहा साकेत उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई। मनीषा यादव, निशा यादव ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। दूसरे पक्ष से मितानिन लक्ष्मी साकत पति स्व. सरजू साकत ने आरोप लगाया है। 21 दिसंबर को वे घर के सामने खड़ी हुई थीं। रजिया बेगम गाली गलौज करने लगी। 22 दिसंबर की रात 8.30 बजे संदीप यादव, विमल यादव, भोला यादव, ईकबाल खान, रजिया खान, मनीषा यादव, नीशा यादव, सानिया बेगम घर में घूसकर कल की विवाद को लेकर मारपीट की गई है। पुलिस ने रजिया बेगम की रिपोर्ट पर हमलावर लक्ष्मीन साकेत, विजय साकेत, विशाल यादव, सागरदास मानिकपुरी, नवीन रजक, छोटू कश्यप, नेहा साकेत के खिलाफ धारा 147, 294, 323, 4552, 506 व लक्ष्मी साकत की रिपोर्ट पर रजिया खान, संदीप यादव, विमल यादव, भोला यादव, इकबाल खान, मनीषा यादव, नीशा यादव, सानिया बेगम, उर्मिला यादव, अप्रोज खान के खिलाफ धारा 147, 294, 323, 452, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### तलवार लहराने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** तलवार लहराकर लोगों को धमकाने वाले तालापारा निवासी शैलेन्द्र लहरे पिता बद्री प्रसाद लहरे 22 साल को पकड़कर तलवार बरामद कर लिया है।




## बिजली विभाग के अधिकारी उतरे फील्ड पर, बकाया वसूली के लिए चलाया अभियान, 9 लाख रुपए वसूले



कनेक्शन काटते बिजली विभाग के कर्मचारी।

# 7 टीमों ने बसंत विहार के 199 घरों में दी दस्तक, 45 कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग के अधिकारी एक बार फिर फील्ड में उतर चुके हैं, शनिवार को बसंत विहार जोन में 7 टीम गठित कर बकाया वसूली और लाइन काटने की कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने 199 घरों में दस्तक दी और 9 लाख वसूले। वहीं बकाया राशि नहीं मिलने पर 45 घरों में बिजली लाइन काट दी गई।

बिजली हाफ योजना का पतिला निकलाने वाले उपभोक्ताओं पर विभाग की नजर पड़ने लगी है, विभाग के अधिकारी लंबी लिस्ट लेकर फील्ड पर डट चुके हैं। शनिवार को भी बिजली विभाग के अधिकारियों ने बकाया बिल की वसूली का अभियान छेड़ा। इस दौरान लिंगियाडीह, राधिका विहार फेस 2, मोपका, शिवम वाटिका में अधिकारियों की धमक पड़ी, इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। विभाग ने 199 घरों में बिल की वसूली के लिए दस्तक दी, बताया जा रहा है इन उपभोक्ताओं से विभाग को 20 लाख 36 हजार की वसूली की जानी है। वहीं 107 लोगों से 9 लाख रूपए 21 हजार की वसूली की गई, जबकि 45 घरों से बकाया राशि का भुगतान नहीं होने पर बिजली कनेक्शन काटे गए हैं।

### 16 करोड़ है बकाया

बिजली बिल का बकाया 16 करोड़ के करीब है, जिसे मार्च से पहले वसूल किया जाना है। अधिकारियों को जल्द से जल्द वसूली करने का निर्देश उच्च अधिकारियों से मिला है, इसलिए कार्रवाई की जा रही है।

**-पीवीएस राजकुमार**
ईई, तोरवा









